प्रो. जैन ने निदेशक की संभाली कुर्सी

आइआइटी बीएचयू के नवागत निदेशक प्रो. पीके जैन ने संभाला कार्यभार

जागरण संवाददाता, वाराणसी : प्रो. प्रमोद कुमार जैन ने बुधवार को आइआइटी, बीएचयू के निदेशक का कार्यभार संभाल लिया। आइआइटी रुड़की से आए प्रो. जैन का कार्यकाल पांच वर्ष होगा। संस्थान के कुलसचिव डा. एसपी माथुर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने नवागत निदेशक का स्वागत किया। प्रो. जैन मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा को नमन करने के बाद निदेशक कार्यालय पहुंचे। पूर्व निदेशक प्रो. राजीव संगल ने उन्हें कार्यभार सौंपा। साथ ही जरूरी जानकारियां भी दी।

प्रो. आरएस उपाध्याय, विभागाध्यक्ष नियुक्त : वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रमुख अब प्रो. आरएस उपाध्याय होंगे। उनको तीन वर्ष के लिए यह जिम्मेदारी दी गई है। अगर वह पहले सेवानिवृत होते हैं तब उनकी सेवा उस तिथि तक ही मानी जाएगी।

दैनिक जागरण, 02.08.2018